WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 18 मेरठ, शनिवार 31 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# 07 अगस्त तक क्रियाशील हो मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन ऑक्सिजन जनरेशन प्लांटः जिलाधिकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने एलएलआरएम मेडिकल कालेज में निर्माणाधीन ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि मेडिकल कालेज में दो ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट लगाये जा रहे है, जिसमें से एक 1000 एलपीएम क्षमता का पीएम केयर फंड से बनाया जा रहा है तथा दूसरा 960 एलपीएम क्षमता का प्लांट भी निर्माणाधीन है।

उन्होने निर्देषित किया कि प्रत्येक दषा में मेडिकल कालेज में बनने वाले ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट को 07 अगस्त 2021 तक क्रियाषील कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट बन जाने से आमजन को सुविधा होगी। उन्होने बताया कि जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला, मवाना, हस्तिनापुर, परीक्षितगढ़ व किठौर अस्पताल के ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट क्रियाषील हो गये है, अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, पीएल शर्मा जिला अस्पताल व कैंट अस्पताल बेगमपुल में भी ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट लगाये जा रहे है जिस पर कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि जनपद में पीएम केयर फंड से तीन ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट बनाये जा रहे है, जिसमें कैंट अस्पताल बेगमपुल जो कि 250 ली0 प्रति मिनट एलपीएम क्षमता का है, पीएल शर्मा जिला अस्पताल जो कि 1000 एलपीएम क्षमता का है तथा एलएलआरएम मेडिकल कालेज में बनने वाला प्लांट 1000 एलपीएम क्षमता का है। उन्होने बताया कि इन प्लांट के लिए मषीन डीआरडीओ उपलब्ध करायेगा तथा सिविल कार्य एनएचएआई द्वारा तथा विद्युतीकरण व अन्य कार्य एसडीआरएफ द्वारा किये जा रहे है। उन्होने निर्देषित किया कि पीएम केयर फंड से बनने वाले तीनो ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट 07 अगस्त तक क्रियाशील हो। इस अवसर पर एलएलआरएम मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 ज्ञानेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# बाजार में जाम लगने की समस्या से परेशान व्यापारी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** बाजार में जाम लगने की समस्या से परेशान व्यापारियो ने आज जाम की समस्या का समाधान कराने के लिए एसपी ट्रैफिक ओर संयुक्त व्यापार संघ के नेताओ से सम्पर्क किया। जिसके बाद गोला कुआं के व्यापारियों गोला कुआं एवं सूत मार्केट के व्यापारियो साथ संयुक्त व्यापार संघ की टीम मौके पर पहुंची मौके पर पहुंचकर एसपी ट्रैफिक से बात की गई बात करने उपरांत ट्रैफिक इंस्पेक्टर शैलेश मिश्रा ,इंस्पेक्टर लिसाड़ी गेट मौके पर पहुंचे। उन्हें अवगत कराया गया की इंस्पेक्टर लिसाड़ी गेट द्वारा गोला कुआं पर दो सिपाहियों की नियुक्ति थी पर मौके पर सिपाही नहीं मिले उन्होंने कहा तत्काल सिपाहियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। वहां के व्यापारियों की मांग थी कि प्रतिबंधित वाहन की एंट्री रोड पर ना हो साथ ही व्यापारियों को माल लाने ले जाने के लिए रिक्शा ठेला के लिए एंट्री दी जाए और जाम से छुटकारा दिलाया जाए और साथ ही ट्रैफिक इंस्पेक्टर मिश्रा ने प्रतिबंधित वाहन को लेकर सख्ती से निर्देश जारी करें और आश्वासन दिया व्यापारियों को जाम से कोई भी किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। वरिष्ठ मंत्री ललित गुप्ता अमूल , सह मीडिया प्रभारी सुधांशु जी महाराज, मंत्री पवन गर्ग, अशोक रस्तोगी, प्रदीप कौशिक आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# ''एक देश एक संविधान'' की मांग को लेकर बैठक आयोजित

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एक देश एक संविधान" की मांग को लेकर 8 अगस्त को दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले देशव्यापी धरना प्रदर्शन के लिए एकजुट होने के लिए महानगर के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ सर्जन एवं समाजसेवी डॉ. सुशील सूरी के निवास पर एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ जे वी चिकारा ने की व संचालन हिमांशु गोयल ने किया । बैठक मे मुख्य वक्ता के रूप मे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने वाट्सएप्प लाइव के माध्यम बताया की 1947 मे देश आजाद हो गया परंतु देश अभी भी अंग्रेजों के जमाने में बनाए गए कानूनों से चल रहा है, उन्होंने कहा की हमारे देश के थानों में आज भी 1860 की प्च्ब और 1861 के पुलिस ऐक्ट चल रहे हैं। उन्होंने बताया की कानून की खामियों के चलते 4 लाख मंदिरों पर सरकार का कब्जा है जबकि चर्च, मस्जिद, मजार, दरगाह आदि पर कोई कानून नहीं। भारत इकलौता देश है जहाँ बहुसंख्यक समान शिक्षा, समान नागरिक संहिता और धर्मांतरण नियंत्रण कानून के




लिए संघर्ष कर रहा है। ये हैं अंग्रेजों के जमाने के कानून 1836- बंगाल डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1844- सेंट्रल एक्साइज एक्ट 1850- पब्लिक सर्वेंट इंक्वायरीज एक्ट 1860- इंडियन पीनल कोड 1861- पुलिस एक्ट 1869- डिवोर्स एक्ट 1872- एविडेंस एक्ट 1882- ट्रांसफर ऑफ प्रोपर्टी एक्ट 1874- मैरिड वीमन प्रोपर्टी एक्ट 1880- रिलीजियस प्रोपर्टी एक्ट 1922 दिल्ली यूनिवसर्टी एक्ट इसके अतिरिक्त 211 अन्य कानून हैं जो 1860 से लेकर 1947 के बीच अंग्रेजी हुकूमत द्वारा बनाए गए थे। आज अंग्रेजों को गए 74 साल हो गए इन 74 सालों मे 17 सरकारें बनी पर इन कानूनों को खत्म करने या बदलाव करने की बात किसी सरकार ने नहीं सोची और इसी कारण देश मे अनेकों समस्याएं ऐसी हैं जिनका स्थाई समाधान कभी हो ही नहीं पाता। बैठक मे जाने माने चिकित्सकों ने राष्ट्रहित मे अपनी चिंताए व्यक्त की एवं आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया।

डॉ. सूरी ने बताया की 8 अगस्त को मेरठ से कम से कम 100 लोग जंतर मंतर पहुचेंगे बैठक मे सुशील सूरी, डॉ जे वी चिकारा, हिमांशु गोयल, विपुल सिंघल, अनिल सरीन, डॉ आशु मित्तल, डॉ आदेश धनकड़, के के चढ्ढा, विवेक कोहली, सुधीर जोहरी ,अशोक आनंद, एम. एल. अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आशीष सिंह आदि उपस्थित रहे।









# वेद इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत






**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वेद इंटरनेशनल स्कूल सिवाया का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहाद्य इंटर की परीक्षा में कुल 83 विद्यार्थी पंजी त हुए जिनमें से 47 विज्ञानं वर्ग में और 36 वाणिज्य वर्ग में और सभी उत्तीर्ण हुए द्य विज्ञान वर्ग के अंकित चौधरी 96.20 प्रतिश अंको के साथ कॉलेज टॉपर रहे जबकि उन्नति गुप्ता 96 प्रतिशत अंको के साथ विज्ञान वर्ग में द्वितीय व दिव्यांश चौधरी 95 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे द्य वाणिज्य वर्ग में खुशी सिंह 94.80प्रतिशत , कुनिका सैनी 90.20 प्रतिशत , अंशिका कौशिक 90 प्रतिशत अंको के साथ क्रमशरू प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। विद्यालय चेयरमैन अजित कुमार , चेयरपर्सन बेबी विहान ,प्रशासनिक निदेशक सलीम जी , प्रधानाचार्य श्रीमती मनोज गुप्ता व समस्त शिक्षक गणों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी।

हम बच्चे हैं वेद के।
कारण नहीं बनेंगे खेद के ।
मैचयोर हुए हैं आज हम,
नहीं शिकार है भेद के।
खुद बचेंगे औरों को बचाएंगे।
तभी जागरूक बच्चे कहलाएंगे।

### शत प्रतिशत रिजल्ट पाकर बच्चों ने दिया स्कूल को रिटर्न गिफ्ट खुशी के पल में मैच्योर हुए हम

हर बार की तरह वेद इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट इस बार भी शत-प्रतिशत रहा। वेद इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने इस बार रिजल्ट पाकर अपने स्कूल को रिटर्न गिफ्ट दिया , जिसमें उन्होंने शपत ली कि आगे जाकर वो अपने माता-पिता , स्कूल और देश का नाम रोशन करेंगे। कोरोना से बचने के लिए इन अग्रिम पंक्तियों को गाकर समाज को सन्देश दिया।



**अक्षत मिश्रा ने सीबीएसई कक्षा12वी एल टी आर पब्लिक स्कूल मेरठ में किया टॉप।**

## 15वे अरुण शुक्ला मेमोरियल जूनियर वर्ग में दूसरा फाइनल मुकाबला करन क्रिकेट एकेडमी ने जीता



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** करन पब्लिक स्कूल में करन क्रिकेट एकेडमी वह क्रिएशन स्पोर्ट्स के सहयोग से चल रहे तीन वर्गो में 15 अरुण शुक्ला मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज जूनियर वर्ग में दूसरा फाइनल मुकाबला मसूरी क्रिकेट एकेडमी को करन क्रिकेट एकेडमी ने 1 रनो से हराया दूसरे फाइनल में टास मसूरी क्रिकेट एकेडमी के कप्तान ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। स्कोर - करन पब्लिक स्कूल 25 ओवर में 174 रन पर पूरी टीम आउट। यश 45, नकुल ने 41 रन व प्रभात ने 39 रन बनाए। बश्वलिंग- केशव ने 3, उदय ने 3, शिवेंद्र को 2 विकेट मिले। स्कोर- मसूरी क्रिकेट एकेडमी 25 ओवर में 173 रनो पर 9 विकेट आउट। प्रज्ञा 56, रोहित ने 31 रन और वरुण ने 35 रन बनाए । बश्वलिंग अभिषेक ने 3, प्रभात को 2, व वासु को 2 विकेट मिले मैच के मैन अश्वफ द मैच प्रज्ञा को दिया गया मैच के मुख्य अतिथि अर्शी खान को बुके देकर सम्मानित किया गया आयोजक सचिव अतहर अली ने बताया कि सोमवार को तीसरा और अंतिम फाइनल मैच खेला जाएगा। व समापन व पुरस्कार वितरण दोपहर 12रू00 बजे किया जाएगा।

# शत प्रतिशत रहा जेपी इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सीबीएसई बोर्ड का बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें जेपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के डायरेक्टर गजेन्द्र मांगलिक और प्रधानाचार्य आरती चड्ढा ने सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते आशीर्वाद दिया। आशीष रॉय ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। शगुन राणा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व ईशान त्यागी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रैपिड रेल: एक साल के लिए मेरठ-दिल्ली रोड पर रूट डायवर्जन लागू

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** रैपिड रेल के निर्माण कार्य के चलते दिल्ली रोड पर आज से रूट डायवर्जन प्लान लागू हो गया। करीब एक साल तक रैपिड का काम चलेगा, तब तक ही डायवर्जन लागू रहेगा। मेरठ से दिल्ली की तरफ जाने वाली लेन पहले की तरह चलती रहेगी। दूसरी लेन को ट्रांसपोर्टनगर गेट से फुटबाल चौराहे तक पूरी तरह से बैरिकेड कर बंद कर दिया गया है। इस लेन के वाहन ट्रांसपोर्टनगर, बागपत रोड होते हुए फुटबश्वल चौराहे पर आएंगे। इस लेन पर रोडवेज बसों और भारी वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।ह्नएसपी ट्रैफिक जितेंद्र कुमार श्रीवास्वत ने बताया कि लोगों को जाम से बचाने के लिए शुक्रवार दोपहर 12 बजे से डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गई है। दिल्ली रोड पर जब तक रैपिड का काम चलेगा, तब तक वाहन ट्रांसपोर्ट नगर में से ही निकलेंगे।

## भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय श्री प्रकाश लाल जी का 12वा स्मृति दिवस मनाया




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय श्री प्रकाश लाल जी का 12वा स्मृति दिवस 30 जुलाई, लाइन फार्म हाउस खिर्वा रोड एवं दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज सदर, मेरठ पर प्रातः पांच बजे से प्रान्तीय मंत्री रविन्द्र सिंह चौहान के संचालन में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। मेरठ इकाई के सभी पदाधिकारी, केंद्र प्रमुख एवं साधक- साधिकाओं ने पुष्पांजलि द्वारा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रांतीय मंत्री रविन्द्र सिंह चौहान ने स्वर्गीय श्री प्रकाश लाल जी के जीवन बारे में विस्तार से चर्चा की। जिला मीडिया प्रभारी यशपाल शर्मा जांगिड़ ने बताया कि कार्यक्रम में योगासन, प्राणयाम, साधना भी नित्य की भांति कराए गए। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य जयभगवान मित्तल, जिला प्रधान सुनील राघव, क्षेत्रीय प्रधान मानसिंह पाल, विपिन चौहान, क्षेत्रीय मंत्री केपी मलिक व मास्टर बृजपाल, केंद्र प्रमुख शोभा गुसाई, नीतू, संजुला राघव, पद्म पखरियाल, मुन्नी तोमर व मदन पाल, ओम प्रकाश शर्मा, डॉ राजेश शर्मा, जिलामंत्री जितेन्द्र कुमार, संगठन मंत्री मनोज वर्मा, सदर क्षेत्रीय प्रधान महेश अग्रवाल, मंत्री श्याम कुमार वर्मा, धर्मेंद्र अग्रवाल, नीलम वर्मा, रश्मि जैन, मीनाक्षी अग्रवाल, वैशाली, स्वाति, मीनाक्षी जैन, लोकेश गोयल, नरेश गोयल, जे पी राठौर, संजय राठौर, रूपेश आदि उपस्थित रहे।

## कोपरेटिव बैंक की नई शाखा का कमिश्नर द्वारा उद्घाटन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला सहकारी बैंक लि0ऽमेरठ की शाखा बहसूमा के नवीन भवन का लोकार्पण शुक्रवार को कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह के कर कमलों द्वारा एवं बैंक चेयरमैन मनिंदर पाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन बहसूमा विनोद चहल ने की तथा संचालन सचिव दिनेश कुमार ने किया। इस दौरान कमिश्नर ने पूरे परिसर का राउंड लिया तथा सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसडीएम मवाना कमलेश कुमार गोयल, बैंक संचालक प्रदीप त्यागी, मदन पाल सिंह, राजेन्द्र प्रेमी, अंकुर सांगवान, कैलाश सिंह, नरेश तोमर, परमिंदर मुखिया, शरद मुद्गल, पपीत कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारतवीर गुर्जर, सुभाष गुर्जर, विपेंद्र सुधा वाल्मीकि, श्याम चौधरी, सुबोध पिलौना, मनोज चौधरी, मोनू बंसल, अनिल चेयरमैन, देवेंद्र, अमित एडवोकेट, श्रीपाल कोहली, प्रदीप ढड़रा आदि उपस्थित रहे।

## टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा जागरुकता अभियान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के निर्देशों के क्रम में आज चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा कोरॉना टीकाकरण जागरूकता अभियान ग्राम कुंडा मेरठ में चलाया गया । अभियान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वाई विमला के निर्देशन में विभाग के छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा आयोजित किया गया ।विभागीय टीम ने लोगों को समझाया कि कोरोना का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। टीकाकरण कराने से किसी को कोई भी खतरा नहीं होता है । विभाग के शिक्षक डॉ लक्ष्मण नागर ने ग्रामीणों को बताया कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी नागरिकों को टीकाकरण कितना आवश्यक है कोराना को हराने के लिए टीकाकरण सभी को जरूरी है। ग्राम के पार्षद गजेंद्र सिंह ,प्रदीप कसाना, जय वीर चपराना , व डॉ विकास कुमार ने विभागीय टीम का इस जागरूकता अभियान में काफी सहयोग किया।ग्राम के प्रदीप कसाना जी ने विश्वविद्यालय के इस कदम को काफी सराहनीय वह कोरोना से लड़ाई के लिए काफी महत्वपूर्ण बताया। विभागीय टीम में डॉ दिनेश पवार, डॉ प्रीति, सीनू, नेहा, यति, शिप्रा, चंकी, व आयुषी मौजूद रहे।

# मकान का छज्जा गिरने का कार क्षतिग्रस्त



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** खंदक बाजार में पुल के पास कई व्यापारी बाल बाल बचे पुल के ऊपर मकान से छज्जा टूट कर बाथरूम के पास आकर गिरा। जिससे एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई सूचना मिलते ही व्यापारी नेता अंकुर गोयल मौके पर पहुंचे और गाड़ी को इंश्योरेंस ऑफिस क्लैम के लिए भेज दिया।

# कांग्रेसियों का विभिन्न मुद्दो को लेकर प्रदर्शन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शुक्रवार को जिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष युगांश राणा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने कृषि कानून, बेरोजगारी, महंगाई, जासूसी कांड समेत अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी की। ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। सभी स्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए थे। कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया।

# शहर मे तम्बाकू बेचने के लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा: सीएमओ

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू रोकथाम को कोटपा अधिनियम-2003 के तहत कार्यवाही की जाती है। जनपद तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ मेरठ एवं यूपीवीएचए द्धउत्तर प्रदेश वॉलिन्टरी हैल्थ एसोसिएशन उ0प्र0 लखनऊ संयुक्त रूप से इस पर कार्यवाही करेगे। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य विभाग व यूपीवीएचए ने सहयोगात्माक रूप से नगर निगम मेरठ के सहायक नगर आयुक्त से इस पर बैठक कर तम्बाकू विक्रेताओं को वेंडर लाइसेंस की प्रणाली को विस्तारपूर्वक समझाते हुए जनपद मेरठ मे इसके क्रियान्वयन करने के लिए के लिए अनुरोध किया गया है। सहायक नगर आयुक्त द्वारा वेंडर लाइसेंस की प्रक्रिया को गति प्रदान करने हेतु नगर निगम की आगामी बैठक मे प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि शहर मे तम्बाकू बेचने के लिए अब नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। नगर निगम जल्द ही वेंडर लाइसेंस प्रावधान लागू करने की तैयारी मे है। इस सम्बन्ध मे महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने नगर आयुक्त को पत्र भेजा है। नोडल अधिकारी, एनसीडी एवं जनपद सलाहकार ने बताया कि तम्बाकू की वेंडर लाइसेसिंग प्रक्रिया न होने के कारण ज्यादातर दुकानदार इसको बेचते है तथा अप्रत्यक्ष रूप से इसका प्रचार भी करते है, जिससे युवा पीढी इसकी तरफ आकर्षित होती है तथा यह जानलेवा पदार्थ आसानी से उन तक पहुँच जाता है। इससे कैंसर व अन्य गम्भीर बिमारियॉ बढ़ रही है, एक तरह बीमार व्यक्ति के उपचार मे उसके परिवार को आर्थिक कठिनाइयो का सामना करना पडता है, वही दूसरी और सरकार पर आर्थिक बोझ बढ रहा हैं। उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार ने तम्बाकू पर नियंत्रण करने के लिए कोटपा अधिनियम-2003 लागू की है, परन्तु तम्बाकू विक्रेताओं के लिए लाइसेंस प्रणाली लागू न होने के कारण इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन मे बाधाए आ रही है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एनसीडी सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।







# सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने की मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने आज भारत सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके संसद भवन स्थित कार्यालय में मुलाकात कर मेरठ नगर निगम के वार्ड 38 ग्राम खड़ौली-भोला रोड बाईपास चौराहे पर अंडर पास बनाये जाने की मांग की। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से कहा कि वार्ड-38, ग्राम खड़ौली भोला रोड, जिला मेरठ पर खड़ौली बाईपास चौराहा है। यह मार्ग दिल्ली से हरिद्वार व मेरठ से भोला की झाल तीर्थ स्थल होते हुए पुरामहादेव व किनौनी मिल तक जाता है। प्रशासन द्वारा भोला रोड बाईपास चौराहे को पिछले लगभग दो वर्षो से बन्द कर दिया है जिससे किसानों एवं नागरिकों को आने व जाने में परेशानी होती है। लम्बी दूरी तय करने से बचने के लिए नागरिक गलत दिशा से जाने का प्रयास करते हैं तथा अनेक बार सीधे ही सड़क पार करने की कोशिश करते हैं परिणामस्वरूप यह स्थान दुर्घटना क्षेत्र बन गया है। नागरिकों की समस्या को ष्टिगत रखते हुए उपरोक्त चौराहे पर एक अण्डरपास की आवश्यकता है। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने इस सम्बन्ध में दिनांक 11 जुलाई 2021 को एक पत्र भी लिखा है। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से अनुरोध किया कि उपरोक्त अण्डरपास का निर्माण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश करने की कृपा करें। माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने अपने कार्यालय में उपस्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

# नेहरू युवा केन्द्र ने किया ग्राम समसपुर में वृक्षारोपण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत वन विभाग,मेरठ व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र, मेरठ के सयुंक्त तत्वावधान में विकास खण्ड परीक्षितगढ़ के गंगा ग्राम समसपुर में वृक्षारोपण किया गया। नमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी तुषार गुप्ता के नेतृत्व व उपस्थिति में ग्राम प्रधान पुत्र दीपक,पूर्व प्रधान राजवीर सिंह व गंगा दूतों ,युवा मंडल द्वारा अमरूद, आंवला, व जामुन के पौधों को रोपा गया। वृक्षारोपण का कार्यक्रम एस.आर.सी इंटर कालेज में करा गया और गंगा दूतों व विद्यालय के सदस्यों ने पौधों की जिम्मेदारी भी ली।जिला परियोजना अधिकारी तुषार गुप्ता ने बताया कि ग्राम प्रधान, अन्य ग्रामीणों, गंगा दूतों के साथ ग्राम में मन्दिर के समीप स्थान का चयन कर लिया गया है जिसमे स्वतंत्रता दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम कर आजादी का जश्न बनाया जायेगा और जलीय जीवों के संरक्षण हेतु जनजागरूकता अभियान भी विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से चलाया जाएगा।इसके पश्चात जिला परियोजना अधिकारी तुषार गुप्ता ने ग्राम प्रधान व गंगा दूतों के साथ गांव में तालाबों का निरीक्षण कर उसके कायाकल्प पर कार्य करने के लिए भूमिका तैयार करने व ग्रामीणों के सहयोग से इस ओर कार्य करने के लिए भी कहा। गंगा दूतों ने ग्राम में गंगा वाटिका बनाने के लिए भी अपने विचार रखे और गंगा तट के समीप मन्दिर के सौंदर्यीकरण का भाव भी प्रकट किया। जिला परियोजना अधिकारी ने ग्राम प्रधान से गांव में गंगा चौपाल जैसी गतिविधियों को करने व गंगा ग्राम खेल समिति बनाने के लिए कहा जिससे गांव में गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता आये और युवा इस माह अभियान से जुड़कर हमारी राष्ट्रीय नदी व अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षक के रूप में आगे आये। कार्यक्रम में गंगा दूत नितिन गिरी, अर्जुन गिरी, रवि गिरी, अभिषेक, सचिन, संजीव गिरी तथा वन विभाग से आकाश कुमार, देवेन्द्र व ब्रजपाल आदि शामिल रहें।

## दो अगस्त से शिव मंदिरप्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी श्री बालाजी धाम मंदिर प्रांगण में लाखों से नवनिर्मित श्री शिव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन मंदिर समिति पंडित घनश्याम दास शर्मा उर्फ गुरुजी सानिध्य 2 अगस्त से प्रारंभ होकर 7 अगस्त तक प्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ संपन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुए श्री बालाजी धाम मंदिर समिति संस्थापक पंडित घनश्याम दास शर्मा गुरुजी तथा समिति महासचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डश्वक्टर संदीप वर्मा द्वारा संयुक्त रुप से उन्होंने बताया है कि भव्य और आकर्षित श्री बालाजी धाम मंदिर प्रांगण में लाखों से नव निर्माण श्री शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 2 अगस्त धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे जिसमें श्री बालाजी धाम मंदिर मेहंदीपुर के पंडित संतोष जी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा जिसमें प्रतिदिन रात 8:00 बजे से दोपहर 12:00 और दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हेतु जाप एवं मूर्ति पूजन के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा 6 अगस्त शुक्रवार को नगर शोभा यात्रा परिक्रमा का आयोजन कर मूर्ति स्थापना कार्यक्रम किया जाएगा रुद्राभिषेक कार्यक्रम भी संपन्न किया जाएगा।

# विज्ञान वर्ग में रोहित वाणिज्य वर्ग में कार्तिक रहे टॉपर




**डा राजीव गुप्ता**
**मेरठ दर्पण-बागपत।** सीबीएसई बोर्ड दिल्ली का इंटरमीडिएट का परीक्षाफल परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ। परिणाम में गुरुकुल इंटर नेशनल स्कूल जिवाना के रोहित तोमर ने विज्ञान वर्ग में सर्वधिक 96.8 व वाणिज्य वर्ग में कार्तिक शर्मा 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर बने। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव खोखर ने जानकारी देते हुये बताया कि उनके विद्यालय में 84 छात्र छात्राएं पंजी त थे सभी प्रथम श्रेणी से पास हुये है। विज्ञान वर्ग में रोहित तोमर सर्वधिक 96.8 प्रतिशत, जाह्नवी सौलंकी, राही राजूपत 96 प्रतिशत, छवि शर्मा 92.4 प्रतिशत, आंचल ने 88 प्रतिशत व वाणिज्य वर्ग में कार्तिक शर्मा 93 प्रतिशत, रिया तोमर 87.6 प्रतिशत, प्राची 87 प्रतिशत, कनिका ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। इसके अलावा अन्य छात्र छात्राओं ने भी अच्छे अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपप्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स ने बताया कि स्कूल के टॉपर व सर्वधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शुक्रवार को पुरुस्‍ त किया जायेगा।

# रिटायर्ड सिपाही ने गंग नहर में कूदकर की आत्महत्या

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** किन्ही कारणों से बुरी तरह से परेशान हुए सेवानिवृत्त सिपाही ने गंगनहर में कूदकर आत्महत्या कर ली है। आनन-फानन में पास में ही मौजूद पीआरवी कर्मियों ने उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगाई, लेकिन जिस समय तक सेवानिवृत्त सिपाही को बाहर निकाला गया उस समय तक उसकी मौत हो चुकी थी। शुक्रवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव पीनना निवासी सेवानिवृत्त सिपाही ने बेलडा गांव के समीप से होकर बह रही गंगनहर पर पहुंचकर पानी में छलांग लगा दी। थोड़ी ही दूर पर मौजूद पीआरवी 3222 पर तैनात सिपाहियों ने नहर में छलांग लगा रहे सेवानिवृत्त सिपाही को देख लिया। इस नजारे को देखते ही पीआरवी कर्मी उसे बचाने के लिए गंगनहर में कूद गए। भारी जद्दोजहद के बीच पीआरवी कर्मी



पानी में कूदे सेवानिवृत्त सिपाही को नहर के भीतर से निकालकर बाहर लाएं। लेकिन उस समय तक उसकी मौत हो चुकी थी। फिर भी उसका जीवन बचने की आस में मौत की पुष्टि के लिए सेवानिवृत्त सिपाही को जिला अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच पड़ताल कर उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक सेवानिवृत्त सिपाही की पहचान कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव पीनना निवासी रमेश निर्वाल के रूप में हुई है। सेवानिवृत्त सिपाही रमेश निर्वाल ने आत्महत्या किन कारणों की वजह से की है इसका अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मृतक रमेश के परिजनों को मामले की जानकारी देते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# रोडवेज ने महिला समेत कई लोगों को कुचला

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर कस्बे की मुजफ्फरनगर रोड पर नवीन गुड़ मंडी स्थल के सामने एक रोडवेज की बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें ई रिक्शा चालक व एक महिला सहित कई लोग घायल हो गए।

शाहपुर क्षेत्र के गांव काकड़ा निवासी ई रिक्शा चालक सचिन गांव की आधा दर्जन सवारियों को लेकर कस्बे में आ रहा था। जब वह मुजफ्फरनगर रोड पर नवीन गुड़ मंडी के सामने पहुंचा तो सामने से आ रही बड़ौत डिपो की अनुबंधित बस ने टक्कर मार दी। ईरिक्शा चालक सचिन सहित ई रिक्शा में सवार महिला सरोज के अलावा मिंटू, वंश, अर्जुन व सुरेंद्र घायल हो गए। टक्कर लगते ही ई रिक्शा सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा में सवार घायलों को लोगों की मदद से निकाल कर अस्पताल भिजवाया। इस दौरान मुजफ्फरनगर बड़ौत मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने अनुबंधित बस को कब्जे में लेने के साथ क्षतिग्रस्त ई रिक्शा को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। बस का चालक पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया। सीएचसी से गम्भीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिस समय रोडवेज की टक्कर लगने के बादरिक्सा में सवार कई लोग वह एक महिला सड़क पर तड़प रही थी उस समय आस पास खड़े सेकड़ो लोगो मे से कोई भी उनकी मदद वह उनको अस्पताल लेजाने को लेकर आगे नही बढ़ा। पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु तुरंत अस्पताल पहुचाया।

# करोड़ो की सरकारी भूमि पर सांठगांठ कर पेट्रोल पंप के संचालन की तैयारी



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** कस्बे में बिजली घर के पास ही स्थित करोड़ों रुपए की सरकारी भूमि पर अधिकारियों से सांठगांठ कर पेट्रोल पंप के संचालन की तैयारी जोरों पर है। जबकि यह भूमि बंजर में दर्ज है इसके बावजूद भी पेट्रोल पंप के संचालन की तैयारी शुरू हो गई है। एक और जहां उत्तर प्रदेश सरकार सरकारी भूमियों से अवैध कब्जा हटवाने के लिए तत्पर दिखाई दे रही है वहीं चरथावल कस्बे में इसका उलट हो रहा है बताया जा रहा है कि कस्बा चरथावल में बिजली घर के पास खाता संख्या 198 व खसरा नंबर 1011/2 रकबा 0.0470 हैक्टेयर भूमि को प्रशासन द्वारा बंजर में दर्ज किया है।उसके बावजूद भी अधिकारियों से सांठगांठ कर उक्त सरकारी भूमि पर पेट्रोल पंप के संचालन की तैयारी जोरों पर है। चरथावल क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना है । भारतीय किसान यूनियन के पूर्व सदर तहसील अध्यक्ष विकास शर्मा का कहना है कि एक तो सरकार सरकारी भूमियों से अवैध कब्जा हटवाने का काम कर रही है लेकिन उनके अधिकारी सरकारी भूमि पर कब्जा कराने का काम कर रहे हैं। करोड़ों रुपए की संपत्ति पर प्रशासन से सांठगांठ के चलते पेट्रोल पंप के संचालन की तैयारी शुरू हो गई है पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप के संचालन के लिए टैंक पहुंच गए हैं।

# एलआईसी कार्यालय में आग से मचा हडकंप

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** अंसारी रोड पर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा के दफ्तर में आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। आग भड़कने की आशंका में आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। तत्काल ही मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाते ही दमकल कर्मी आग बुझाने की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग को काबू करने के प्रयासों में जुट गए। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। शुक्रवार को शहर के अंसारी रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा का जब दफ्तर खुला और वहां पर नियुक्त कर्मचारी साफ सफाई के लिए दफ्तर में पहुंचे तो उन्हें भीतर से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। सड़क के किनारे बने दफ्तर की खिड़कियों से धुआं निकलते हुए देखकर राहगीरों के साथ आसपास के लोगों की भीड़ भी दफ्तर के बाहर जमा हो गई। जिससे अंसारी रोड पर जाम लग गया। इसी बीच आग लगने की जानकारी दमकल विभाग



को दी गई। दिन निकलते ही एलआईसी दफ्तर में आग लगने की सूचना पर दमकल कर्मी आनन-फानन में आग बुझाने की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने के लिए दफ्तर में लगी आग पर पानी बरसाना शुरू कर दिया। काफी देर की मशक्कत के बाद दमकल कर्मी आग को काबू करने में सफल हुए। बताया जा रहा है कि एलआईसी दफ्तर की 1 मंजिल में लगी आग की भेंट चढ़कर सारा सामान जलकर राख हो गया है। गनीमत इस बात की रही है कि आग दूसरी मंजिल तक नहीं पहुंच सकी। अन्यथा दफ्तर में रखे अनेक कीमती कागजात और नगदी भी आग की चपेट में आ सकती थी। एलआईसी शाखा के प्रबंधक विष्णु अग्रवाल ने बताया है कि संभवत शार्ट सर्किट के चलते ही एलआईसी दफ्तर में आग लगी है। आग लगने की वजह से कंप्यूटर और अन्य जरूरी दस्तावेज जलकर राख हो गए हैं। लेकिन गनीमत इस बात की रही है कि दफ्तर में रखी हुई लाखों रुपए की नगदी आग से पूरी तरह सुरक्षित है। आग बुझने के बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है। लोगों को इस बात का अंदेशा था कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो वह भड़ककर आसपास के मकानों व दुकानों को अपनी चपेट में ले सकती है।

# आर्य एकेडमी इंटरनेशनल में धूमधाम से मनाया स्मृति दिवस

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय योग संस्थान के नि:शुल्क योग साधना केंद्र आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल ए टू जैड रोड मुजफ्फरनगर में संस्थान के संस्थापक स्व प्रकाशलाल की पूण्य तिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्थान के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य योगाचार्य सुरेन्द्र पाल सिंह आर्य रहे व अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी डॉ 0सहदेव आर्य ने की तथा संचालन संस्थान के जिला मंत्री योगेश्वर दयाल ने किया। सर्वप्रथम संस्थान के जिला संगठन मंत्री डॉ अमित कुमार ने ओउम् ध्वनि व गायत्री मंत्र से योग साधना शुरू कराई।तिर्यक ताडासन, वृक्षासन व अश्वत्स्थासन क्षेत्रीय प्रधान राजीव रघुवंशी ने, गौमुखासन, वज्रासन, उष्ट्रासन व मण्डूक आसन जिला प्रधान राजसिह पुण्डीर ने ,भुजंग व शलभासन किशोर योग शिक्षक अक्षय शर्मा ने,



पादोत्तान व पवनमुक्तासन ग्रीन लैंड माडर्न जूनियर हाईस्कूल मुजफ्फरनगर के केंद्र प्रमुख नीरज बंसल ने, मर्कट आसन व शवासन आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर सुघोष आर्य ने, सिंहासन व हँसी चौधरी चरण सिंह भवन गाँधी कालोनी के केंद्र प्रमुख विपिन शर्मा ने, अनुलोम-विलोम, कपालभाति व भ्रामरी प्राणायाम क्षेत्रीय प्रधान राजमोहन गुप्ता ने व ध्यान क्षेत्रीय मंत्री रामकुमार राठी ने कराया। तत्पश्चात जिला मंत्री योगेश्वर दयाल ने एक योग गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला प्रधान राजसिह पुण्डीर ने बताया कि श्री प्रकाश लाल जी एक महान आत्मा थी जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानव के उत्थान और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में लगाया उस हुतात्मा को हम सब नमन करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य व जनपद मुजफ्फरनगर प्रभारी योगाचार्य सुरेन्द्र पाल सिंह आर्य ने संस्थान के संस्थापक स्व प्रकाशलाल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री प्रकाश लाल जी का जन्म 01मार्च सन् 1921 को पाकिस्तान के सरगोधा में हुआ था ।1947 में भारत विभाजन के समय आपने करीब 70हजार लोगों को सुरक्षित भारत लाने में अपना अद्भुत नेतृत्व प्रदान किया ।वे शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे।भारत में आने पर वे दिल्ली में केन्द्रीय अधिकारी भी रहे ।संघ से विमुख होकर उन्होंने भारतीय लोक परिषद नामक संगठन खड़ा किया ।बाद में ईश्वरीय प्रेरणा से वे योग की ओर उन्मुख हुए और 10 अप्रैल 1967 को भारतीय योग संस्थान'की स्थापना करके दिल्ली में चाबुर्जा पहाड़ी पर एक नि:शुल्क योग साधना केंद्र खोला। अपनी ढ़ इच्छाशक्ति, कर्मठता व दूरदर्शिता के द्वारा भारत के 20प्रदेशो व विदेश के 09 देशों में 3200 से अधिक नि:शुल्क योग साधना केंद्र खोले जो 365दिन चलते हैं ।योग जो केवल साधु सन्यासियो तक ही सीमित था उसे घर घर तक नि:शुल्क पहुंचाने का भगीरथ कार्य किया जिसकी पावन गंगा आज भी 4200 योग केंद्रों के रूप में अनवरत बह रही है ।आज ही के दिन 30 जुलाई 2010को दिल्ली में उनका देहावसान हो गया था ।उनका अंतिम संदेश जो उन्होंने अपने शरीर पूरा करने से 20दिन पूर्व एक अखिल भारतीय योग प्रशिक्षण शिविर में दिया था जिसका मैं स्वयं भी साक्षी हूँ वह है-आज हमारा समाज निष्प्राण दिखता है। कुछ करना नहीं चाहता- दूसरे करें, हमें न करना पड़े-ऐसी स्थिति दीखती है।संस्थान ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करना चाहता है जो लेटे को बैठा दे ,बैठे को खड़ा कर दे और खड़े को दौडा दे ।दूसरे में प्राण फूंक दे अर्थात दूसरे का प्रेरणा स्रोत बन जाए। कार्यक्रम अध्यक्ष डा0सहदेव आर्य ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की पहचान है ।योग हमारे वेदों से लिया गया है ।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन: 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।